EDITORIAL

# The Message from Vadatal Dham (Gujarat)

From August 24th to 26th, 2025, the national convention of the National Federation of Telecom Employees (BSNL) was successfully held on the sacred premises of Vadatal Dham in the Nadiad district of Gujarat. Organized under the presidency of Comrade Islam Ahmad, this conference was attended by over six hundred delegates from across the country, from Kanyakumari to Kashmir and the North-Eastern states. Comrades from Gujarat showed great enthusiasm in organizing this event. The conference was inaugurated with great fervour by hoisting the National Flag and the flag of the NFTE Union. However, despite excellent arrangements for physical facilities, the participating delegates appeared disappointed and angry. The open session was organized from 11:00 AM on August 24th, 2025. This session was conducted in a very grand manner. It was attended by the top leadership of NFTE and other unions and associations of BSNL. During the discussions, the deteriorating financial condition of BSNL and the inaction of the management were discussed. Comrade Amarjeet Kaur, General Secretary of AITUC, also participated and spoke about the establishment and historical development of trade unions at the international level. She stated that employees and workers achieve nothing without struggle. Discussing the current national perspective, she explained that the present government wants to eliminate the rights of all employees. Comrade Amarjeet Kaur also said that the Central Government wants to abolish 21 labour laws and implement three Labour Codes. The implementation of these Labour Codes will strip workers of their trade union rights. All comrades participating in the delegates' conference expressed anger towards the management and described the suffering of the employees. They reported that the wage revision of employees has been pending since January 1st, 2017, and the management is playing a game of hide and seek with the recognized unions. Employees have been struggling continuously for the last 8 years, but the BSNL management does not even want to give them natural justice.

It seems that the harsh and short-sighted decisions of the BSNL management are beyond comprehension. The objective of BSNL Company is to provide affordable and accessible communication services to the people of the country. However, for the last few years, BSNL has not only failed to satisfy consumers but has also forced its subordinate officers and employees to go through a period of hardship.

**Employees' Problems:** * The management is deliberately delaying promotion exams.

* Compassionate ground appointments have been stopped.

* Despite government orders, newly married young employees are not being transferred to the same city.

* Employees are not being transferred even to care for parents suffering from serious illnesses like cancer.

* The most shameful situation is that the annual salary increment of over 70% of non-executive employees has been stalled for the last eight to ten years. Meanwhile, higher management personnel on deputation in BSNL are receiving increased salaries and allowances as per the recommendations of the 7th Central Pay Commission from BSNL's funds.

* The wages of casual workers have not been increased since January 2020. When asked about this, they say BSNL's financial condition is not good. Meanwhile, crores of rupees are spent every month on the salaries and allowances of a handful of officers. Casual workers have not even been paid their dearness allowance since January 2025.

The discussions at Vadatal Dham also revealed that the current CMD of BSNL had declared April

2025 as "Human Resource Month," but no information was given to the recognized unions. It was also mentioned in the discussion that the CMD's post is temporary, and their service is being extended every three months. The conference felt that a short-term appointment system for the top position of a large company like BSNL cannot be beneficial. The company should have a full-time CMD so that long-term projects can be implemented in a solid manner. It was also said in the discussion that the Government of India has given about three lakh crore rupees for the revival of BSNL, but its impact is not visible at the ground level. Consumers are distancing themselves from BSNL, leading to a decrease in revenue. When revenue decreases, top management blames the employees for not working, which is an outright lie. Employees are working hard to make BSNL successful. However, the contract system has increased greatly in BSNL. Contractors mostly employ uneducated and untrained laborers, which reduces the quality of services. BSNL employees are familiar with the company's services and know how to maintain the equipment better.

It is unfortunate that the BSNL management has spent 132 crore rupees to appoint an American company, the Boston Consulting Group (BCG), to suggest measures for BSNL's revival. Employees have extensive knowledge about the company's services and workings, but BCG would have prepared its report sitting in air-conditioned rooms. They know nothing about the company's services, and their surveyors are also not very experienced. These companies blame employees for the decline in services and suggest reducing their posts under the name of a Voluntary Retirement Scheme (VRS). It is noteworthy that MTNL has been put on a deathbed by repeatedly using this same scheme, and now they want to lead BSNL down the same path.

The discussions at Vadatal Dham also revealed that the current CMD of BSNL had declared April 2025 as "Human Resource Month," but no information was given to the recognized unions. It was also mentioned in the discussion that the CMD's post is temporary, and their service is being extended every three months. The conference felt that a short-term appointment system for the top position of a large company like BSNL cannot be beneficial. The company should have a full-time CMD so that long-term projects can be implemented in a solid manner. It was also said in the discussion that the Government of India has given about three lakh crore rupees for the revival of BSNL, but its impact is not visible at the ground level. Consumers are distancing themselves from BSNL, leading to a decrease in revenue. When revenue decreases, top management blames the employees for not working, which is an outright lie. Employees are working hard to make BSNL successful. However, the contract system has increased greatly in BSNL. Contractors mostly employ uneducated and untrained laborers, which reduces the quality of services. BSNL employees are familiar with the company's services and know how to maintain the equipment better.

It is unfortunate that the BSNL management has spent 132 crore rupees to appoint an American company, the Boston Consulting Group (BCG), to suggest measures for BSNL's revival. Employees have extensive knowledge about the company's services and workings, but BCG would have prepared its report sitting in air-conditioned rooms. They know nothing about the company's services, and their surveyors are also not very experienced. These companies blame employees for the decline in services and suggest reducing their posts under the name of a Voluntary Retirement Scheme (VRS). It is noteworthy that MTNL has been put on a deathbed by repeatedly using this same scheme, and now they want to lead BSNL down the same path.

The Vadatal conference also held detailed discussions on the anti-employee policies of the Chief General Managers of Tamil Nadu and Chennai Telephones circles. A resolution was passed demanding that BSNL control these two CGMs and transfer them in the interest of the employees. Representatives from other circles also reported that their senior management officers also do not give time to meet employee organizations.

The conference discussions indicate that the headquarters management has virtually no control over BSNL's field units across the country. It seems an atmosphere of anarchy has developed in BSNL, and employees have been left at the mercy of God. Employee organizations are concerned about BSNL's revival,improvement in salaries and allowances, time-bound promotions, promotions through exams, transfers, compassionate appointments, and other benefits they used to receive. But the current BSNL management is ignoring every just demand of the employees and treating them harshly.

Meetings are being called continuously for wage revision, but the officers of the Wage Negotiation Committee are not free to take any decision using their discretion. The employee side is ready to accept the pay scales offered by the management with partial improvement, but the officers are not agreeing to even a partial improvement in the minimum pay scales. This obstinacy of the management is agitating the employees. However, employees are showing restraint in the interest of the company, and the management is mistaking this for their weakness.

At the Vadatal Dham conference, delegates began shouting slogans in anger and unanimously called upon the central leadership to adopt the path of struggle. It appears that after years of working with full dedication for the company, employees are now facing the sadness of their families. Employees now want to fight before they die.

It is noteworthy that this was our seventh conference; the previous one was held in the third week of August 2022 in Ranchi, the capital of Jharkhand. Even during that conference,the same pain, the same frustration, and the same problems were discussed. We did struggle on our own, but the management, which has become arbitrary, has grown increasingly blind to our pain and suffering.

The conference at Vadatal Dham, Gujarat, has given us the message that we must strive towards a struggle, bringing all unions and organizations together, to find solutions to the burning problems. We are in touch with all organizations as per the directives of the conference.We hope that in the near future, a rock-solid unity will be formed, and together we will be able to shake the management out of its deep slumber. Reiterating our resolve to end the suffering of the employees, we wish to state again that NFTE is the vanguard of the employees, which is with them in life and even after life.

**NFTE Zindabad!**

**Employee/Officer Unity Zindabad!**

**BSNL Zindabad!**

संपादकीय

# वड़ताल धाम (गुजरात) का सन्देश

विगत 24 से 26 अगस्त 2025 तक गुजरात के नाडियाड जिले में वड़ताल धाम के पवित्र प्रांगण में नेशनल फेडरेशन ऑफ टेलीकॉम एम्पलॉइज (बीएसएनएलएल) का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ। कॉमरेड इस्लाम अहमद की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में, कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर और उत्तर–पूर्व के राज्यों तक पूरे देश से छह सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गुजरात के सहयोगियों ने इस आयोजन में काफी उत्साह दिखाया।

सम्मेलन का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज एवं एनएफटीई यूनियन का ध्वज फहराकर किया गया। हालांकि, भौतिक संसाधनों की अच्छी व्यवस्था के बावजूद इसमें भाग लेने वाले प्रतिनिधि मायूस और आक्रोशित नजर आ रहे थे। 24 अगस्त 2025 को सुबह 11:00 बजे से खुले अधिवेशन का आयोजन किया गया था।

यह अधिवेशन बहुत ही शानदार ढंग से संपन्न हुआ। इसमें एनएफटीई और बीएसएनएलएल के अन्य यूनियनों एवं एसोसिएशंस के शीर्ष नेतृत्व ने भाग लिया। चर्चा के दौरान बीएसएनएल की गिरती आर्थिक स्थिति और प्रबंधन की निष्क्रियता पर बात की गई।

एआईटीयूसी के महासचिव कॉमरेड अमरजीत कौर ने भी इसमें भाग लिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड यूनियनों की स्थापना और उनके विकास के इतिहास के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और मजदूरों की बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं होता। उन्होंने वर्तमान राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर चर्चा करते हुए बताया कि मौजूदा सरकार सभी कर्मचारियों के अधिकारों को समाप्त करना चाहती है। कॉमरेड अमरजीत कौर ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार 21 श्रम कानूनों को समाप्त करके तीन लेबर कोड लागू करना चाहती है। इन लेबर कोड के लागू होने पर श्रमिकों के ट्रेड यूनियन अधिकार छिन जायेंगे।

प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी साथियों ने प्रबंधन के प्रति रोष व्यक्त किया और कर्मचारियों की पीड़ा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का वेतन संशोधन 1 जनवरी 2017 से लंबित है, और प्रबंधन मान्यता प्राप्त यूनियनों के साथ लुका–छिपी का खेल खेल रहा है। कर्मचारी पिछले 8 वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन बीएसएनएल एल प्रबंधन उन्हें प्राकृतिक न्याय भी नहीं देना चाहता।

ऐसा प्रतीत होता है कि बीएसएनएलएल प्रबंधन के कठोर और अदूरदर्शी निर्णय समझ से परे है। बीएसएनएल कंपनी का उद्देश्य देश की जनता को सस्ती और सुलभ संचार सेवाएँ प्रदान करना है। हालांकि, पिछले कुछ सालों से बीएसएनएल न केवल उपभोक्ताओं को संतुष्ट करने में विफल रही है, बल्कि इसने अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कठिनाई के दौर से गुजरने पर मजबुर कर दिया है।

## कर्मचारियों की समस्याएँ

★ प्रबंधन जानबूझकर पदोन्नति की परीक्षाएँ टाल रहा है।

★ अनुकंपा के आधार पर दी जाने वाली नौकरियों बंद कर दी गई हैं।

★ सरकार के आदेश के बावजूद, नव–विवाहित युवा कर्मचारियों को एक शहर में स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है।

★ कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित माता–पिता की देखभाल के लिए भी कर्मचारियों का तबादला नहीं किया जा रहा है।

★ सबसे शर्मनाक स्थिति यह है कि 70% से अधिक नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि पिछले आठ–दस वर्षों से रुकी हुई है। वहीं, बीएसएनएल एल में प्रतिनियुक्ति पर तैनात उच्च प्रबंधन के लोग भारत सरकार के सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार बढ़े हुए वेतन और भत्ते बीएसएनएल के कोष से प्राप्त कर रहे हैं।

★ जनवरी 2020 से कैजुअल मजदूरों की मजदूरी भी नहीं बढ़ाई गई है। जब उनसे इस बारे में पूछा जाता है तो वे कहते हैं कि बीएसएनएल की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वहीं, मुट्ठी भर अधिकारियों के वेतन और भत्तों पर हर महीने करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। कैजुअल मजदूरों का जनवरी 2025 से महंगाई भता भी नहीं दिया गया है।

वड़ताल धाम की चर्चा में यह भी सामने आया कि वर्तमान बीएसएनएल के सीएमडी ने अप्रैल 2025 को "मानव संसाधन माह घोषित किया था, लेकिन मान्यता प्राप्त संघों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। चर्चा में यह भी बताया गया कि सीएमडी का पद अस्थायी है और उन्हें हर तीन महीने पर सेवा विस्तार दिया जा रहा है।"

सम्मेलन में महसूस किया गया कि बीएसएनएल जैसी बड़ी कंपनी के लिए सर्वोच्च पद पर अल्पकालिक नियुक्ति की व्यवस्था फायदेमंद नहीं हो सकती। कंपनी के लिए पूर्णकालिक सीएमडी होना चाहिए ताकि दूरगामी परियोजनाओं को ठोस तरीके से क्रियान्वित किया जा सके।

चर्चा में यह भी कहा गया कि भारत सरकार ने बीएसएनएल एल के पुनरुद्धार के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रुपये दिए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई असर नजर नहीं आ रहा है।

उपभोक्ता बीएसएनएल से दूरी बना रहे हैं, जिससे राजस्व में कमी आ रही है। जब राजस्व कम होता है, तो उच्च प्रबंधन कर्मचारियों पर काम न करने का आरोप लगाता है, जबकि यह सरासर झूठ है। कर्मचारी बीएसएनएल एल को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। परंतु बीएसएनएल में ठेकेदारी प्रथा बहुत बढ़ गई है। ठेकेदार ज्यादातर अशिक्षित और अप्रशिक्षित मजदूरों से काम लेते हैं, जिससे सेवाओं की गुणवता में कमी आती है। बीएसएनएल के कर्मचारी कंपनी की सेवाओं से परिचित हैं और उपकरणों का बेहतर रखरखाव करना जानते हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीएसएनएल प्रबंधन ने 132 करोड़ रुपये खर्च करके बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप (बीसीजी) नामक एक अमेरिकी कंपनी को बीएसएनएल के पुनरुत्थान के लिए सुझाव देने के लिए नियुक्त किया है। कर्मचारियों की कंपनी की सेवाओं और कार्यप्रणाली के बारे में बहुत जानकारी है। लेकिन बीसीजी ने एयर कंडीशनर कमरों में बैठकर ही अपनी रिपोर्ट तैयार कर दी होगी। वे कंपनी की सेवाओं के बारे में कुछ नहीं जानते और उनके सर्वेक्षक भी बहुत अनुभवी नहीं होते हैं। ये कंपनियां सेवाओं में गिरावट के लिए कर्मचारियों को दोषी ठहराती हैं और उनके पद घटाने का सुझाव देती है। जिसका नाम स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना रखते हैं। ज्ञातव्य है कि एमटीएनएल को इसी योजना का बार–बार इस्तेमाल करके मृत्यु शैय्या पर सुला दिया गया है और अब बीएसएनएलएल को भी इस मार्ग पर ले जाना चाहते हैं। वडताल सम्मेलन में तमिलनाडु और चेन्नई टेलीफोन परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक की कर्मचारी–विरोधी नीतियों पर भी गहरी चर्चा हुई। एक प्रस्ताव पारित कर बीएसएनएल से मांग की गई कि इन दोनों महाप्रबंधकों को नियंत्रित किया जाए और कर्मचारियों के हित में उनका तबादला किया जाए। इस पर अन्य मंडली के प्रतिनिधियों ने भी बताया कि उनके यहां के उच्च प्रबंधन अधिकारी भी कर्मचारी संगठनों को मिलने का समय नहीं देते।

सम्मेलन की चर्चा से यह प्रतीत होता है कि पूरे देश में बीएसएनएल की फील्ड इकाइयों पर मुख्यालय प्रबंधन का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। ऐसा लगता है कि बीएसएनएल में अराजकता का माहौल बन गया है और कर्मचारियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है।

कर्मचारी संगठन बीएसएनएल के पुनरुत्थान, वेतन और भत्तों में सुधार, समयबद्ध पदोन्नति, परीक्षाओं के माध्यम से पदोन्नति, स्थानांतरण, अनुकंपा आधारित नौकरी और अन्य लाभों के बारे में चिंतित हैं, जो उन्हें पहले मिलते थे। लेकिन वर्तमान बीएसएनएल प्रबंधन कर्मचारियों की हर जायज मांग को नजरअंदाज कर रहा है और उनके प्रति कठोर व्यवहार कर रहा है।

वेतन संशोधन के लिए लगातार बैठक बुलाई जा रही हैं, लेकिन वेतन समझौता समिति के अधिकारी अपने विवेक से कोई निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। कर्मचारी पक्ष प्रबंधन द्वारा दिए गए वेतनमानों को आंशिक सुधार के साथ स्वीकार करने को तैयार है, लेकिन अधिकारी न्यूनतम वेतनमानों में भी आंशिक सुधार के लिए राजी नहीं हैं। प्रबंधन की यह हठधर्मिता कर्मचारियों को उद्वेलित कर रही है। हालांकि, कर्मचारी कंपनी के हित में संयम बरत रहे हैं, और प्रबंधन इसे उनकी कमजोरी समझ रहा है।

वड़ताल धाम सम्मेलन में, प्रतिनिधियों ने गुस्से में नारे लगाने शुरू कर दिए और सर्वसम्मति से केंद्रीय नेतृत्व से संघर्ष का रास्ता अपनाने का आह्वान किया। ऐसा प्रतीत होता है कि वर्षों तक कंपनी के लिए पूरी लगन से काम करने के बावजूद कर्मचारियों को अब अपने परिवार की उदासी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी अब मरने से पहले लड़ना चाहते हैं।

ज्ञातव्य है कि हमारा सातवां सम्मेलन था, जो तीन साल पहले अगस्त 2022 के तीसरे सप्ताह में झारखंड की राजधानी रांची में संपन्न हुआ था।

उक्त सम्मेलन के समय चर्चा में भी यही पीड़ा, यही कुंठा और इन्हीं समस्याओं पर चर्चा हुई थी। हमने अपने बदौलत कुछ संघर्ष भी किया परंतु मनमानी पर उतर आए प्रबंधन की निगाह हमारे दुख – दर्द से दूर होती गई। वड़ताल धाम गुजरात के सम्मेलन ने हमें संदेश दिया है कि सभी यूनियन और संगठन को एक साथ लेकर ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष की दिशा में प्रयास करना चाहिए।

हम सम्मेलन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी संगठनों से संपर्क बनाए हुए हैं। हम आशा करते हैं कि निकट भविष्य में एक चट्टानी एकता बनेगी और हम सभी साथ मिलकर प्रबंधन को गहरी नींद से उठा पाएंगे। कर्मचारियों की पीड़ा को समाप्त करने का संकल्प के साथ हम फिर यह दोहराना चाहते हैं कि एनएफटीईई कर्मचारियों का हिरावल दस्ता है, जो जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी है।

**एनएफटीईई जिंदाबाद**

**कर्मचारी/अधिकारी एकता जिंदाबाद**

**बीएसएनएल जिंदाबाद।**